उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## मंगलवार, 02 भाद्रपद, शक संवत्, 1943

( दिनांक : 24 अगस्त, 2021 )

समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी "क")

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख एवं ग"**)

3. निधन के निदेश।

4. वन एवं पर्यावरण मंत्री, उत्तराखण्ड प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबन्धन एवं नियोजन प्राधिकरण (उत्तराखण्ड कैम्पा) की अधिसूचना की धारा- 15(6) एवं धारा- 15(9) के अन्तर्गत वार्षिक लेखा विवरण वित्तीय वर्ष 2013-2014 से वित्तीय वर्ष 2016-2017 तक की वार्षिक रिपोर्ट सदन के पटल पर रखेंगे।

5. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-

   (1) उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2021 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 06 मार्च, 2021 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 20 मार्च, 2021 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2021 का आठवां अधिनियम बन गया।

   (2) उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (संशोधन), विधेयक, 2021 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 06 मार्च, 2021 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 अप्रैल, 2021 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2021 का नौवां अधिनियम बन गया।

   (3) उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1916) (संशोधन), विधेयक, 2021 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 06 मार्च, 2021 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 अप्रैल, 2021 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2021 का दसवां अधिनियम बन गया।

   (4) इक्फाई विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 04 मार्च, 2021 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 12 मई, 2021 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2021 का ग्यारहवां अधिनियम बन गया।

   (5) उत्तराखण्ड पंचायतीराज (संशोधन) विधेयक, 2021 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 04 मार्च, 2021 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 18 मई, 2021 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2021 का बारहवां अधिनियम बन गया।

Scanned by CamScanner

(6) उत्तराखण्ड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (प्रोत्साहन एवं सुविधा) (संशोधन) विधेयक, 2021 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 04 मार्च, 2021 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 20 मई, 2021 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2021 का तेरहवां अधिनियम बन गया।

(7) उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (संशोधन) विधेयक, 2021 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 04 मार्च, 2021 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 25 मई, 2021 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2021 का चौदहवां अधिनियम बन गया।

(8) सूरजमल विश्वविद्यालय विधेयक, 2021 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 06 मार्च, 2021 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 23 जून, 2021 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2021 का पन्द्रहवां अधिनियम बन गया।

(9) स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय विधेयक, 2021 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 06 मार्च, 2021 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 23 जून, 2021 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2021 का सोलहवां अधिनियम बन गया।

(10) देव भूमि उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय विधेयक, 2021 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 06 मार्च, 2021 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 15 जुलाई, 2021 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2021 का सत्रहवां अधिनियम बन गया।

6. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

7. श्री धन सिह नेगी, सदस्य, विधान सभा "श्री देव सुमन राज्य विश्वविद्यालय कैम्पस चम्बा टिहरी गढ़वाल से राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में" श्री मानवेन्द्र सिंह बिष्ट, ग्राम व पो0 बादशाही थौल चम्बा, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री धन सिह नेगी, सदस्य, विधान सभा "राजकीय ऐलोपैथिक चिकित्सालय अंजनीसैंण, जनपद टिहरी गढ़वाल के सड़क से न जुड़े होने के सम्बन्ध में" श्रीमती बेबी असवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख, जाखणीधार, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री धन सिह नेगी, सदस्य, विधान सभा "नर्सिंग कालेज सुरसिंगधार में लम्बे समय से पद न भर पाने के सम्बन्ध में" श्री हरि सिंह पुण्डीर ग्राम काण्डा पो0 ज्ञानसू, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब, सदस्य विधान सभा "जनपद हरिद्वार के ग्राम प्रेमराजपुर, पोस्ट ईकबालपुर में अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यीकरण व चारदीवारी कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री शिव कुमार पुत्र श्री अमन कुमार, ग्राम जहाजपुर, पोस्ट ईकबालपुर जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के ग्राम धीरमाजरा में आन्तरिक गलियों की सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री अमर सिंह पुत्र श्री नानकू, ग्राम धीरमाजरा, पो0 हल्लूमाजरा जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

Scanned by CamScanner

12. श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब, सदस्य विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के ग्राम जहाजगढ़ (अमरपुर काजी) पोस्ट ईकबालपुर से रविदास मंदिर का सौन्दर्यीकरण कराये जाने के सम्बध में'' श्री अंकित पुत्र श्री सुरेश चन्द्र ग्राम जहाजगढ, पोस्ट ईकबालपुर जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री भरत सिंह चौधरी, सदस्य विधान सभा ''जनपद रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड जखोली स्थित पश्चिमी भरदार (सौंदाखाल) में दूरसंचार टावर स्थापित करने के सम्बन्ध में'' श्रीमती गुड्डी देवी, ग्राम सौंराखाल, विकास खण्ड जखोली, जनपद रूद्रप्रयाग एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री महेश जीना, सदस्य विधान सभा ''जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज गुमटी अल्मोड़ा के मुख्य भवन के ध्वस्तीकरण के पश्चात् नये भवन की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में'' श्री प्रताप सिंह मिया, अध्यक्ष अभिभावक संघ रा0इ0का0 गुमटी, ग्राम कमान, पो0 मटेला जनपद अल्मोड़ा एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

16. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

17. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

18. उच्च शिक्षा मंत्री, आई एम एस यूनिसन विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

19. उच्च शिक्षा मंत्री, आई एम एस यूनिसन विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 को पुरःस्थापित करेंगे।

20. उच्च शिक्षा मंत्री, डी आई टी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

21. उच्च शिक्षा मंत्री, डी आई टी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 को पुरःस्थापित करेंगे।

22. उच्च शिक्षा मंत्री, हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

23. उच्च शिक्षा मंत्री, हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 को पुरःस्थापित करेंगे।

24. मुख्यमंत्री, माल और सेवाकर (संशोधन) विधेयक, 2021 पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

25. मुख्यमंत्री, माल और सेवाकर (संशोधन) विधेयक, 2021 को पुरःस्थापित करेंगे।

26. कृषि मंत्री, उत्तराखण्ड फल पौधशाला (विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2021 पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

27. कृषि मंत्री, उत्तराखण्ड फल पौधशाला (विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2021 को पुरःस्थापित करेंगे।

Scanned by CamScanner

28. शहरी विकास मंत्री, उत्तराखण्ड नगर निकायों एवं प्राधिकरणों हेतु विशेष प्राविधान (संशोधन) विधेयक, 2021 पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

29. शहरी विकास मंत्री, उत्तराखण्ड नगर निकायों एवं प्राधिकरणों हेतु विशेष प्राविधान (संशोधन) विधेयक, 2021 को पुरःस्थापित करेंगे।

30. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-''घ'')

31. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

---

**(समय : अपराह्न 04:00 बजे)।**

32. मुख्यमंत्री, वित्तीय वर्ष 2021-22 की अनुपूरक अनुदान मागें प्रस्तुत करेंगे।

33. संसदीय कार्य मंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे:-

''उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अधिनियम, 1958 (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त)'' की धारा 10(1) (g) के अन्तर्गत उपबन्धित व्यवस्थानुसार विधान सभा के 02 (दो) माननीय सदस्यों को यह सदन 'गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पन्तनगर की प्रबन्ध परिषद् में पदेन सदस्य के रूप में नामित करने हेतु माननीय अध्यक्ष विधान सभा को प्राधिकृत करता है तथा इस प्रकार नामित सदस्य विधान सभा द्वारा विधिवत निर्वाचित समझे जायेंगे।'

34. दिनांक 23 सितम्बर, 2020 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-14 के संबंध में श्रीमती ममता राकेश, सदस्य, विधान सभा द्वारा लाकडाउन के दौरान बंद औद्योगिक इकाईयों द्वारा श्रमिकों को लाकडाउन अवधि का वेतन भुगतान किये जाने की सूचना विषयक पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

35. दिनांक 22 दिसम्बर, 2020 को पूछे गये अल्पसूचित प्रश्न के संबंध में श्री मनोज रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा कोटाबाग नैनीताल भस्युगाज, हरिद्वार दुर्गम जबकि पौड़ी, चम्पावत, उत्तरकाशी पालिटैक्निक संस्थान सुगम में रखे जाने विषयक सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

36. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक :23 अगस्त, 2021

(मुकेश सिंघल)
सचिव (प्रभारी)।

Scanned by CamScanner

द्वितीय सत्र, 2021
का प्रथम मंगलवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

मंगलवार,

02 भाद्रपद, शक संवत्, 1943

(दिनांक : 24 अगस्त, 2021)

नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>03.08.2021 | **क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में कुल कितना क्षेत्रफल भूमि की भूमिधरी को धारण करने वाले किसानों को भूमिहीन की श्रेणी में रखा जाता है ? यदि हां, तो वर्तमान में उत्तराखण्ड़ के मैदानी और पर्वतीय क्षेत्रों में कुल कितने किसान भूमिहीन हैं ?सरकार द्वारा प्रदेश के अन्नदाता किसानों के बेहतर जीवन यापन के लिए भूमिहीन के स्तर से ऊपर लाने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यो ? | राजस्व |
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>05.08.2021 | **क्या वित्त मंत्री अवगत हैं कि राज्य में महंगाई लगातार बढ़ रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार महंगाई को नियंत्रित कर आम जनता को राहत देने के लिये एल0पी0जी0, डीजल एवं पेट्रोल पर लगे राज्य करों को यथाशीघ्र कम करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो प्रदेश में महंगाई कम करने में एक मुख्य कारक का उपाय करने में उदासीनता क्यों है? | वित्त |

Scanned by CamScanner

नत्थी 'ख'

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 40 (2) के अन्तर्गत द्वितीय सत्र 2021 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न**

| | | |
|---|---|---|
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>10.02.2021 | *1. क्या लघु सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत सिंचाई गूलें क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिस कारण कृषकों को सिंचाई करने में परेशानी उत्पन्न हो रही है? क्या सरकार कृषकों की समस्या के निराकरण हेतु गूलों का सुधारीकरण कार्य करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लघु सिंचाई |

Scanned by CamScanner

नत्थी 'ग'

तारांकित प्रश्न

श्री आदेश सिंह चौहान
10.05.2021

*01. क्या बाढ़ नियन्त्रण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिह नगर के विधान सभा क्षेत्र जसपुर के अन्तर्गत फीका नदी व ढ़ेला नदी के क्षेत्र में बरसात में काश्तकारों की कृषि भूमि को बाढ़ के कारण भारी क्षति पहुंचती है एवं काश्तकारों की सैकड़ों बीघा भूमि की तबाही होती है? क्या सरकार क्षेत्र में बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? — बाढ़ नियन्त्रण

श्री उमेश शर्मा "काऊ"
10.05.2021

स्थगित।

*02. क्या लोक निर्माण मंत्री मार्च 2017 से जनवरी 2021 तक लोक निर्माण द्वारा जनपद देहरादून में विधानसभावार कितनी योजनाएं स्वीकृत की गई हैं, का शासनादेश सहित विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश किया गया था कि जनपद देहरादून में सिर्फ सी0सी0 टाईल्स (पेविंग ब्लॉक्स) द्वारा ही आन्तरिक मार्गों का निर्माण किया जायेगा तथा सी0सी0 मार्गों का पूर्णतया निषेध रहेगा? क्या विभाग द्वारा वर्तमान में आन्तरिक मार्गों की स्वीकृति जारी करते समय उक्त शासनादेश का पालन किया जा रहा है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि लोक निर्माण विभाग द्वारा आन्तरिक मार्गों का निर्माण, जो उसके स्वामित्व में नहीं है, के निर्माण हेतु भी वर्तमान में स्वीकृतियां जारी की गई हैं? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उक्त स्वीकृतियों का विवरण उपलब्ध करायेंगे? क्या मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि विभाग द्वारा एक नीति का गठन किया गया था कि लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत केवल उन्हीं मार्गों के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की जायेगी जो कि विभाग के स्वामित्व में होगा? क्या वर्तमान में उक्त नीति के अन्तर्गत स्वीकृतियां जारी की गई हैं? यदि नहीं, तो विभाग द्वारा अपनी ही बनायी गयी नीति से विचलन का औचित्य क्या है? — लोक निर्माण

Scanned by CamScanner

श्री उमेश शर्मा "काऊ"
10.05.2021

*03. क्या आबकारी मंत्री अवगत हैं कि लॉकडाउन के दौरान सील की गई शराब की दुकानों से आबकारी विभाग की मिलीभगत से ठेकेदारों द्वारा अवैध रूप से शराब बेची गई है? क्या यह सत्य है कि दुकानों की जांच के लिए माल की निकासी गोदाम से नियमों के अनुसार जिसके लिए विभाग द्वारा एफ0 एल0–36 (आनलाईन) पास जारी किया जाता है एवं दुकानदारों द्वारा प्रतिमाह अपनी बिक्री का वार्षिक बिक्री विवरण विभाग को दिया जाता है, के आधार पर की गई है? यदि हां तो क्या मंत्री जी अवगत करायेंगे कि उपरोक्त नियमों के अनुसार जांच करने के उपरान्त पूरे प्रदेश (जनपदवार) की शराब की दुकानों/गोदामों के स्टॉक में शराब की पेटियों में कितना अन्तर पाया गया है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि जांच के बाद दोषी पाये गये शराब की दुकानों के ठेकेदारों एवं विभागीय अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि वर्ष 2018–19, वर्ष 2019–20 एवं वर्ष 2020–21 में प्रदेश की शराब की दुकानों से प्राप्त होने वाला राजस्व कितना था और वित्तीय वर्ष पूर्ण होने पर प्रतिवर्ष कितनी–कितनी धनराशि राजस्व के रूप में जमा की गई है? प्रतिवर्ष राजस्व प्राप्त न होने पर क्या सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कोई कार्यवाही की गई है? यदि हां, तो मंत्री जी उसका पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

आबकारी

श्री मनोज रावत
10.05.2021

पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।

*04. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में विगत 04 वर्षों में जनपदवार क्या–क्या साहसिक पर्यटन गतिविधियां आयोजित की गई हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि विगत 04 वर्षों में केदारनाथ विधान सभा क्षेत्र में साहसिक पर्यटन की क्या–क्या गतिविधियां किस–किस योजना के अन्तर्गत आयोजित की गई हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन

श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब
10.05.2021

*05. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा–80 के अन्तर्गत गंगा तथा उसकी सहायक नदियों पर आधारित परियोजनाओं के निर्माण एवं प्रबन्धन हेतु सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

सिंचाई



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>10.05.2021 | *06. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि तीर्थनगरी हरिद्वार में देश–विदेश से तीर्थ यात्री आते हैं ? क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि तीर्थयात्रियों के वाहनों को ए0आर0टी0ओ0 व पुलिस के द्वारा परेशान किया जाता है जबकि रूड़की व हरिद्वार में अवैध बसों का संचालन हो रहा है ? क्या मंत्री जी इस संदर्भ में संज्ञान लेते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.05.2021 | *07. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी बांध परियोजना से निर्मित जलाशय के चारों ओर स्थित गांवों/कस्बों/तोकों में निवासरत लोगों के दर्जनों बच्चे तथा सैकड़ों कीमती पालतू पशु व जंगली जानवर जलाशय में अपनी जान गंवा रहे हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि वर्ष 2017–18 से आतिथि तक कुल कितने लोग व मवेशी जलाशय में डूबे हैं? क्या सरकार इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई कारगर कदम उठाने जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.05.2021 | *08. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिंचाई विभाग की नहरों के पुनर्निर्माण/जीर्णोद्धार तथा मरम्मत कार्यों के लिये सरकार द्वारा धनावंटन किया गया है ? क्या यह सत्य है कि पूर्व में नहरों के सुदृढीकरण, नवनिर्माण तथा मरम्मत आदि कार्यों के लिये जिला योजना से प्रतिवर्ष धनावंटन किया जाता रहा है ? क्या यह भी सत्य है कि विभाग की नहरों के सुदृढ़ीकरण, नवनिर्माण तथा मरम्मत आदि कार्यों के लिये धनावंटन न होने के कारण काश्तकारों की सिंचित भूमि बंजर होने के कगार पर है ? क्या सरकार विभागीय सिंचाई नहरों के पुनर्निर्माण/सुदृढ़ीकरण तथा मरम्मत आदि कार्यों के लिये आवश्यक रूप से धनावंटन करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>11.05.2021 | *09. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि तीर्थनगरी हरिद्वार पर्यटन के क्षेत्र में विकसित हो रही है, इससे होटल व्यवसाय और ट्रेवल व्यवसाय जुड़ा है? क्या यह सत्य है कि सरकार द्वारा होटलों को जो लाईसेंस दिया जाता है उसकी प्रकिया बहुत जटिल है? क्या सरकार होटलों को लाईसेंस देने की प्रकिया सरल करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |



Scanned by CamScanner

श्री करन माहरा
11.05.2021

*10. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में सड़कों के निर्माण हेतु आंगणन के प्रथम फेज में दीवारें, काजवे, स्कबर इत्यादि बनाने का आंगणन तैयार नहीं किया जायेगा? यदि हां, तो क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि इस प्रकार का आदेश पर्वतीय क्षेत्रों के लिए उपयोगी नहीं है? यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे शासनादेश को वापस लेने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

लोक निर्माण

श्री प्रीतम सिंह पंवार
18.05.2021

द्वितीय मंगलवार के तारांकित प्रश्न संख्या–11 में स्थानान्तरित।

*11. क्या संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कोरोना महामारी संक्रमण को फैलने से रोकने हेतु चारधाम यात्रा संचालन स्थगित किया गया है? चारधाम यात्रा संचालन स्थगित किए जाने से सम्बन्धित होटल/ढ़ाबा/रेस्तरां संचालकों, डण्डी–कण्डी, घोड़ा खच्चर संचालकों तथा तीर्थ पुरोहितों के रोजगार पर गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी बुरा प्रभाव पड़ा है? रोजगार ठप्प होने से इनकी रोजी रोटी, विद्युत/पेयजल बिल, ऋण+ब्याज की किश्तों के भुगतान की समस्या उत्पन्न हो गयी है? क्या सरकार कोरोनाकाल अवधि में इन सभी स्वरोजगारियों के लिए कोई विशेष राहत पैकेज उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या होगा? यदि नहीं, तो क्यों?

संस्कृति एवं धर्मस्व

श्री खजान दास
03.06.2021

*12. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में सड़कों के नव निर्माण /विस्तारीकरण हेतु वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत न होने के कारण उत्तराखण्ड राज्य गठन एवं राज्य गठन से पूर्व से स्वीकृत कुल कितने मार्गों पर कार्य प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है तथा उत्तराखण्ड के कई बीहड़ गांवों में सड़कों की स्वीकृति के उपरान्त भी कार्य प्रारम्भ न होने से लोग कठिनाई में है तथा पलायन को मजबूर हैं? क्या सरकार प्रदेश में वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत न होने से सड़कों के निर्माण में हो रही देरी के निदान हेतु कोई ठोस नीति बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजान दास<br>04.06.2021 | *13. क्या बाढ़ नियंत्रण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड जौनपुर अन्तर्गत अलगाड़ एवं भद्रीगाड़ नदी में सैकड़ों एकड़ भूमि वर्ष 2010 की आपदा में बह गई थी ? अवशेष भूमि एवं जानमाल की हानि को रोकने हेतु तत्कालीन समय में उक्त नदियों में तटबन्ध निर्माण हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई थी किन्तु भद्रीगाड़ नदी के कुछ हिस्सों को छोड़कर अलगाड़ नदी के सम्पूर्ण भाग में अब तक भी तटबन्ध निर्माण एवं सुरक्षा दीवारों का निर्माण नहीं हो पाया है ? क्या सरकार उक्त नदियों के कटाव से होने वाली जनधन की हानि को रोकने हेतु शीघ्र ही तटबन्ध, (सुरक्षा दीवार)/कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बाढ़ नियंत्रण |
| श्री फुरकान अहमद<br>07.06.2021 | *14. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र पिरान कलियर के पिरान कलियर शहर और दरगाह के बीच गंगनहर पर बने हुए पुल पर वाहनों की आवाजाही बन्द है, केवल पैदल यात्रियों के लिये ही यह संचालित है ? पिरान कलियर शहर व दरगाह के मध्य एक मात्र रास्ता होने के कारण इस पुल पर हर समय सैकड़ों लोगों का आना–जाना लगा रहता है, इसके क्षतिग्रस्त होने के कारण इस पुल पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे जान और माल की भारी हानि हो सकती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी जनहित में लोगों की जान एवं माल की सुरक्षा हेतु इस महत्वपूर्ण पुल की मरम्मत करवाने पर विचार करेंगे ताकि प्रदेश के इस महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल पर श्रद्धालुओं की आवाजाही निर्बाध बनी रह सके ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| कुँवर प्रणव सिंह "चैम्पियन" 08.06.2021 | *15. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि खानपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत गंगा नदी के गम्भीर रूप से क्षतिग्रस्त एवं सोलानी नदी के अनिर्मित छोड़ दिए गये तटबंध के पुर्ननिर्माण का आश्वासन मेरे नियम–51 की सूचना के प्रत्युत्तर में फरवरी 2019 में विधानसभा सत्र में आपके द्वारा दिया गया था? क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि उक्त आश्वासन के दो वर्ष चार माह व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी कोई धनराशि उक्त महत्वपूर्ण तटबंधों के सुदृढ़ीकरण/पुर्ननिर्माण हेतु जारी नहीं की गई है? क्या सरकार को ज्ञात है कि वर्षा–ऋतु के आगमन से गंगा एवं सोलानी नदियों में बाढ़ त्रासदी से उक्त दोनों तटबंधों के धवस्त हो जाने से तीस हजार (30,000) से अधिक ग्रामीणों के जीवन को खतरा उत्पन्न हो जायेगा? क्या सरकार जनहित में तत्काल इन अति महत्वपूर्ण तटबंधों को सुरक्षित कर सम्मानित क्षेत्रवासियों के बहुमूल्य जीवन रक्षा हेतु पत्थर की ठोकरों का निर्माण सुनिश्चित करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री करन माहरा 11.06.2021 | *16. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि रामनगर एवं रानीखेत में ए0आर0टी0ओ0 कार्यालय की स्थापना किये जाने हेतु एक ही साथ शासनादेश जारी हुए थे, जिसके क्रम में रामनगर में ए0आर0टी0ओ0 कार्यालय की स्थापना के साथ ही कार्य संचालन आरम्भ हो चुका है, परन्तु रानीखेत में अभी तक ए0आर0टी0ओ0 कार्यालय की स्थापना नहीं की गई है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि रानीखेत में किस कारण आज तक ए0आर0टी0ओ0 कार्यालय की स्थापना एवं कार्य संचालन आरम्भ नहीं हुआ है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि उक्त कार्यालय की स्थापना प्रभावी परिवहन व्यवस्था के लिये क्षेत्र की बड़ी आवश्यकता है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि रानीखेत में कब तक ए0आर0टी0ओ0 कार्यालय की स्थापना की जायेगी एवं कब तक सुचारू रूप से ए0आर0टी0ओ0 कार्यालय का कार्य संचालन आरम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>16.06.2021 | *17. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध विस्थापितों को जमीन उपलब्ध न होने पर सरकार नकद प्रतिकर देने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि नकद प्रतिकर के लिए वर्तमान में सरकार द्वारा कितनी धनराशि का प्राविधान किया गया है? क्या यह भी सत्य है कि बांध विस्थापितों को भूमि अर्जन अधिनियम 1894 के तहत ही प्रतिकर दिया जायेगा? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी बांध विस्थापितों को भारत सरकार के नये अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत मुआवजा राशि दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री सुरेश राठौर<br>18.06.2021 | *18. क्या अल्प संख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश में जनपदवार प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पी0एम0जे0वी0के0) के अन्तर्गत वर्ष 2018–19, 2019–20 एवं वर्ष 2020–21 में कितनी योजनायें स्वीकृत हुई एवं उनकी वर्तमान में क्या प्रगति है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र ज्वालापुर में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 2018–19 एवं वर्ष 2019–20 में कुल कितनी योजनायें स्वीकृत हुई हैं एवं स्वीकृत योजनाओं का कितना कार्य पूर्ण कर लिया गया है? क्या सरकार सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | अल्प संख्यक कल्याण |
| श्री धन सिंह नेगी<br>24.06.2021 | *19. क्या संस्कृति मंत्री अवगत हैं कि राज्य में संस्कृति विभाग पौराणिक धरोहरों के मन्दिरों, प्रतीकों को संरक्षित करने का कार्य करता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में 52 गढ़ों के संरक्षण के लिए कोई कार्य योजना बनायी गयी है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>28.06.2021 | स्थगित।<br>*20. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जयहरीखाल, पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत सतमुडा झील स्वीकृत है? यदि हां, तो आज तक झील का निर्माण न होने के क्या कारण हैं? क्या सरकार सतमुड़ा झील का निर्माण शीघ्र करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |



Scanned by CamScanner

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>10.02.2021 | **द्वितीय गुरूवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–01 में स्थानान्तरित।**<br>1. क्या सिंचाई मंत्री बतायेंगे कि जनपद चमोली के ग्राम देवलीबगड़ में अलकनन्दा नदी में सन् 2013 में बाढ़ से गांव की बाढ़ सुरक्षा योजना की कोई योजना बनी थी तथा उसकी निविदा भी आमंत्रित की गई थी, उसकी लागत क्या थी ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि इस योजना पर अभी तक कार्य प्रारम्भ न होने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार इस योजना पर शीघ्र कार्य प्रारम्भ करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>10.05.2021 | 01. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधम सिंह नगर के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र जसपुर के तोमड़िया जलाशय के सौन्दर्यीकरण की सरकार की कोई योजना हैं ? यदि हां, क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>10.05.2021 | 02. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंह नगर के जसपुर विकास खण्ड व काशीपुर विकास खण्ड का जल स्तर तेजी से गिर रहा है? क्या सरकार उक्त क्षेत्र के जल स्तर को स्थिर करने हेतु कोई कार्य योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री करन माहरा<br>10.05.2021 | 03. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पूर्व में 05 करोड़ तक के लागत कार्यों में टी0ए0सी0 द्वारा स्वतन्त्रता दी गई थी? क्या वर्तमान समय में भी यह प्रकिया लागू है? यदि हां, तो क्या सरकार विवरण प्रस्तुत करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.05.2021 | 04. क्या बाढ़ नियंत्रण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में वर्ष 2017–18, 2018–19, 2019–20 व 2020–21 में बाढ़ नियंत्रण कार्य कहाँ–कहाँ पर और कितनी लागत के स्वीकृत कर सम्पन्न कराये गये हैं ? क्या सरकार वर्षवार स्वीकृत कार्य व लागत सहित विवरण उपलब्ध करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बाढ़ नियंत्रण |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.05.2021 | **द्वितीय** गुरूवार के अतारांकित **प्रश्न** संख्या 57 में **स्थानान्तरित**।<br>05. क्या बाढ़ नियंत्रण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में विकास खण्ड जौनपुर की ग्राम पंचायत बाण्डाचक के अन्तर्गत ग्राम कण्डालगॉव में दिनांक 04/05/2021 को अतिवृष्टि के कारण दो मोटर साईकिल, दो गाय तथा खेतों को फसल सहित भारी क्षति पहुँची है और मकानों को भी भारी खतरा उत्पन्न हुआ है ? क्या सरकार बतायेगी कि कण्डालगॉव में बाढ़ सुरक्षा के लिए क्या–क्या उपाय किये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बाढ़ नियंत्रण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.05.2021 | 06. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में लॉक डाऊन न होने की दशा में यात्रा करने वाले यात्रियों से बस/टैक्सी परिचालकों द्वारा दुगुना किराया वसूला जा रहा है ? क्या सरकार द्वारा दुगुना किराया वसूल किये जाने के अधिकारिक निर्देश निर्गत किये गये थे ? यदि हां, तो क्या सरकार उस आदेश की प्रति उपलब्ध करायेगी ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि क्षमता से अधिक अथवा गाईड लाईन अनुसार सवारी बैठाने व दुगुना किराया वसूले जाने की स्थिति में प्रशासन द्वारा प्रर्वतन किया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री मनोज रावत<br>11.05.2021 | 07. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत गौरीकुण्ड से केदारनाथ तक रोपवे निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>11.05.2021 | **द्वितीय** गुरूवार के अतारांकित **प्रश्न** संख्या 57 में **स्थानान्तरित**।<br>08. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र के विकासखण्ड ओखलकाण्डा के ग्राम पंचायत बलना मटियाल नदी में 22 मीटर लम्बा झूलापुल का निर्माण होना है ? यदि हां, तो उक्त झूलापुल का निर्माण कब तक हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री मनोज रावत<br>12.05.2021 | 09. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनपद चमोली के अन्तर्गत विकासखण्ड नन्दप्रयाग के मुख्यालय घाट को जोड़ने वाली सड़क को डेढ़ लेन बनाने पर विचार कर रही हैं ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>12.05.2021 | 10. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार राज्य के ब्लॉक मुख्यालयों को जोड़ने वाली सड़कों को उच्चीकृत कर डेढ़ लेन की सडक बनाने जा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्रीमती ममता राकेश<br>17.05.2021 | 11. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि देहरादून नगर के वार्ड नं0–2 में आवासीय क्षेत्र अमन विहार के ब्लॉक सी0 लेन संख्या –4 गंगोत्री विहार को जोड़ने वाले मार्ग पर यातायात दबाव बढ़ने के कारण वृद्धजनों एवं बच्चों को मार्ग पर पैदल चलना दुश्वार हो गया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी सम्बन्धित विभाग को उक्त मार्ग पर यथा आवश्यक स्थानों पर गति अवरोध का निर्माण करने के निर्देश देंगे ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो सुरक्षा हेतु गति अवरोधकों का निर्माण कराने में क्या कठिनाई है ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18.05.2021 | 12. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए कुछ सीमा तक बस/ट्रक/टैक्सी–मैक्सी/कैब संचालन पर प्रतिबन्ध लगाया गया है? जिस कारण इस व्यवसाय में लगे व्यवसायियों को ऋण + ब्याज भुगतान तथा चालकों/परिचालकों के वेतन आदि भुगतान व रोजगार पर भारी प्रभाव पड़ा है? क्या सरकार परिवहन व्यवसायियों के ऋण+ब्याज अथवा पथकर आदि में छूट दिये जाने की योजना पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18.05.2021 | स्थगित।<br>13. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल के संग्रहण के लिए सरकार द्वारा अनुदान पर रेन हार्वेस्टिंग टैंक का निर्माण कराया जाता है? यदि हां तो विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में वर्ष 2020–21 में किन–किन गांवों के किन–किन काश्तकारों के अनुदान पर रेन हार्वेस्टिंग टैंक बनाये गये और वर्ष 2021–22 में कुल कितने ऐसे टैंकों के निर्माण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18.05.2021 | 14. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पिछले चार सालों में जनपदवार कुल कितनी लिफ्ट सिंचाई योजनाओं का निर्माण किया गया है? क्या सरकार बतायेगी कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में उक्तावधि में किन–किन लिफ्ट सिंचाई योजनाओं का निर्माण ग्रामीण काश्तकारों के हित में किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18.05.2021 | 15. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पिछड़े क्षेत्र के विकास के लिए सरकार द्वारा कौन–कौन सी योजनायें व कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं? क्या सरकार बतायेगी कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में इस योजना के अन्तर्गत क्या–क्या योजनाएं संचालित की गई, कुल कितने परिवार लाभान्वित किए गए, और कुल कितना बजट परिव्यय स्वीकृत था उसमें से कुल कितना व्यय किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री मनोज रावत<br>18.05.2021 | 16. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में विगत 04 वर्षों में जनपदवार क्या–क्या साहसिक पर्यटन गतिविधियाँ आयोजित की गई व विगत 04 वर्षों में केदारनाथ विधान सभा क्षेत्र में साहसिक पर्यटन की क्या–क्या गतिविधियाँ किस–किस योजना के अन्तर्गत आयोजित की गई है ? यदि अयोजित नहीं की गई हैं तो किन कारणों से आयोजित नहीं की गई ? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>19.05.2021 | 17. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 123/2019 लोक निर्माण विभाग, रूड़की द्वारा झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र में रूड़की लाठरदेवा झबरेड़ा मोटर मार्ग का सुदृढ़ीकरण का कार्य मेरे द्वारा अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0 की उपस्थिति में उद्घाटन करने के उपरान्त भी आज तक प्रारम्भ नहीं किया गया है? उक्त कार्य को प्रारम्भ करने की सरकार की क्या योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>19.05.2021 | 18. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि मा0 मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 137/2019 जो विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा में बस अड्डे का निर्माण के संबंध में थी पर मेरे द्वारा बार–बार अवगत कराने पर भी अभी तक कार्यवाही नहीं हो पायी है? क्या सरकार इस घोषणा को पूरा करवाने पर विचार कर रही है ?यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>21.05.2021 | 19. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में देशी व विदेशी शराब के ठेकों से ओवर रेटिंग की शिकायतें मिलने पर विभाग द्वारा ऐसे ठेकों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की जाती है? क्या सरकार बतायेगी कि वर्ष, 2017–18, 2018–19, 2019–20 तथा 2020–21 में जनपदवार कुल कितनी शिकायते प्राप्त हुई और उनके विरूद्ध क्या–क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | आबकारी |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>21.05.2021 | 20. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोक निर्माण विभाग में कार्य कर रहे संविदा कार्मिकों को सरकार स्थाई करने पर विचार कर रही हैं ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>24.05.2021 | 21. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग खण्ड थत्यूड़ एवं चम्बा के प्रतिकर सम्बन्धी प्रकरण भुगतान की प्रत्याशा में कई वर्षो से लम्बित हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि दोनों खण्डों में लम्बित ऐसे प्रकरण कुल कितने हैं और किस वर्ष से लम्बित हैं ? क्या सरकार द्वारा ऐसे लम्बित प्रकरणों का कब तक निस्तारण करवा लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>27.05.2021 | 22. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि कृषि कमांड क्षेत्र (सी0सी0ए0) 2000 हेक्टेयर से कम, 2000 हैक्टेयर से 10000 हैक्टेयर कमांड क्षेत्र योजनाएं तथा 1000 हैक्टेयर कमांड क्षेत्र वाली मध्यम योजनाओं के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा में कितनी योजनाओं से इस क्षेत्र को लाभान्वित किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>28.05.2021 | 23. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा सहायता प्राप्त बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम के द्वारा अनु0जाति/अनु0 जनजाति को मिलने वाले रोजगार ऋण की धनराशि को विगत वर्षों में कितने लाभार्थियों को वितरित कर लाभान्वित किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री खजान दास<br>28.05.2021 | पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।<br>24. क्या बाढ़ नियन्त्रण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखण्ड जौनपुर अन्तर्गत अलगाड़ एवं भद्रीगाड़ नदी में सैकड़ों एकड भूमि वर्ष 2010 की आपदा में बह गई थी ? अवशेष भूमि एवं जानमाल की हानि को रोकने हेतु तत्कालीन समय में उक्त नदियों में तटबंध निर्माण हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई थी किन्तु भद्रीगाड नदी के कुछ हिस्सों को छोडकर अलगाड नदी के सम्पूर्ण भाग में अब तक भी तटबंध निर्माण एवं सुरक्षा दीवारो का निर्माण नहीं हो पाया है ? क्या सरकार उक्त नदियों के कटाव से होने वाली जनधन की हानि को रोकने हेतु शीध्र ही तटबंध (सुरक्षा दीवार)/किसी वृहद् कार्य योजना को स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बाढ़ नियंत्रण |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजान दास<br>28.05.2021 | 25. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के तहसील नैनबाग अन्तर्गत न्याय पंचायत मुख्यालय द्वारगढ़ को जोड़ने वाले गरखेत द्वारगढ़ मोटर मार्ग के डामरीकरण की मांग ग्रामीणों द्वारा लम्बे समय से की जा रही है तथा इस हेतु लोक निर्माण विभाग थत्यूड़ द्वारा गठित आंगणन शासन में स्वीकृति हेतु काफी समय से लम्बित है किन्तु अब तक भी गरखेत द्वारगढ़ मोटर मार्ग का डामरीकरण नहीं हो पाया है ? क्या सरकार जनहित में गरखेत द्वारगढ़ मोटर मार्ग के डामरीकरण की स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>31.05.2021 | 26. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर के राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थान जाने हेतु दिवली नदी पर बना पैदल पुल दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त हो गया था? क्या यह सत्य है कि वर्षाकाल में छात्राओं को क्लिोन्दीपुल लगभग तीन किमी का फासला तय कर विद्यालय जाना पड़ता है? क्या सरकार छात्राओं के हित व सुरक्षा के दृष्टिगत दिवली नदी पर पैदल पुल का निर्माण करायेगी? यदि हां,तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>31.05.2021 | 27. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा अनु0जाति बाहुल्य क्षेत्र में सिंचाई की उपलब्धता के लिए स्पेशल कम्पोनेन्ट सब प्लान के तहत गूल, हौज एवं पाइपलाइनों के निर्माण की योजना है? यदि हां, तो इस योजना के तहत विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा में कितनी ग्राम पंचायतों को लाभ दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>01.06.2021 | 28. क्या बाढ़ नियन्त्रण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में विकास खण्ड जौनपुर के सकलाना क्षेत्र में प्रतिवर्ष छोटी–बड़ी नदियों के द्वारा उनके आसपास बसे गांवों तथा बस्तियों में बरसात में अतिवृष्टि से भारी क्षति पहुंचायी जाती है? क्या यह सत्य है कि वर्षाकाल में प्रतिवर्ष सैकड़ों हैक्टेयर कृषि भूमि फसलों सहित बाढ़ व भूस्खलन के चपेट में आ जाने से बह जाती है या बरबाद हो जाती है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा इस क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा के समुचित प्रबन्ध किया जा रहे हैं? यदि हां, तो उनका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | बाढ़ नियंत्रण |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>01.06.2021 | 29. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोरोना महामारी के चलते लॉकडाऊन के कारण लोगों के समक्ष रोजी– रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है? क्या सरकार बतायेगी कि वृद्धों, विधवाओं तथा दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा दी जाने वाली पेन्शन का भुगतान उन्हें उनके घर अथवा विशेष शिविरों के माध्यम से कराया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>01.06.2021 | 30. क्या जलागम प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत जलागम प्रबन्धन के अन्तर्गत कौन–कौन सी ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है? इन ग्राम पंचायतों में कब से कार्यक्रम प्रारम्भ किए गये है? क्या सरकार बतायेगी कि ग्रामीण कास्तकारों के उन्नयन हेतु अब तक क्या क्या योजनायें संचालित की गयी हैं और प्रारम्भ से लेकर आतिथि तक कुल कितना परिव्यय आया है? यदि नहीं, तो क्यों? | जलागम प्रबन्धन |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>02.06.2021 | 31. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2019 से कोविड–19 महामारी के कारण प्रदेश में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को विद्यालय बंद होने के कारण छात्रवृति नहीं मिल पा रही है, तथा वर्तमान में भी छात्रों द्वारा जो ऑनलाईन फार्म जमा किये गये उनमें 50 प्रतिशत छात्र/छात्रायें फार्म भरने से वंचित रह गये है? राज्य सरकार इन छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति देने के लिये क्या प्रयास कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07.06.2021 | 32. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2016 में शासनादेश संख्या 892/III (2)/13.55 (42) 2014, दिनांक 13.08.2013 में निहित प्राविधानों के तहत समूह घ चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में पदोन्नति हेतु मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण विभाग पौड़ी गढ़वाल द्वारा जनपदों से प्रस्ताव मांगे गये थे? यदि हां, तो क्या लोक निर्माण विभाग के जनपदीय कार्यालयों से ऐसे प्रस्ताव ससमय प्राप्त हुए है ? क्या सरकार बतायेगी कि इन प्रस्तावों पर कब तक निर्णय लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>07.06.2021 | 33. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वृद्धावस्था पेन्शन हेतु लाभार्थी के चयन के मानक क्या हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वित्तीय मानक (मासिक आय) की सीमा का निर्धारण किस वर्ष में किया गया था तथा इस मानक के निर्धारण का आधार क्या है ? | समाज कल्याण |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>08.06.2021 | 34. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोरोना महामारी के चलते समाज का हर व्यक्ति व वर्ग बुरी तरह प्रभावित हुआ है? क्या यह सत्य है कि प्रदेश में वृद्धजनों, विधवा माताओं तथा दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा दी जाने वाली पेन्शन एक निश्चित समयावधि/अन्तराल पर दी जाती है? क्या सरकार बतायेगी कि वर्तमान समय की भयावहता को दृष्टिगत रखते हुए वृद्धजनों/विधवा माताओं तथा दिव्यांगजनों को पेन्शन के अतिरिक्त पृथक से प्रति पेन्शनधारक भरण पोषण हेतु निश्चित रकम आर्थिक सहायता के रूप में स्वीकृत कर नगद भुगतान कराने की व्यवस्था करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>08.06.2021 | 35. क्या बाढ़ नियन्त्रण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत सकलाना क्षेत्र अतिवृष्टि, भूस्खलन तथा बाढ़ से होने वाली क्षति की दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र है? क्या यह सत्य है कि प्रतिवर्ष भारी वर्षा, भूस्खलन व बाढ़ के कारण अनेक मोटरमार्गों के हिस्से, सम्पर्क मार्ग, आवास, कृषि भूमि, सिंचाई नहरें, पेयजल योजनायें क्षतिग्रस्त होती हैं? यदि हां, तो इस संवेदनशील क्षेत्र में सरकार द्वारा बाढ़ नियन्त्रण हेतु क्या–क्या सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | बाढ़ नियंत्रण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>08.06.2021 | 36. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित कुल कितनी सिंचाई नहरें हैं, जिनका पुनर्निर्माण व मरम्मत कार्य सिंचाई विभाग द्वारा कराया जाता है? क्या यह सत्य है कि इनमें से अधिकांश नहरें क्षतिग्रस्त मरम्मत योग्य है? यदि हां, तो इन सिंचाई नहरों का पुनर्निर्माण/मरम्मत कब तक करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>08.06.2021 | 37. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकासखण्ड थौलधार के अन्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग गंगाड़ी समुदाय तथा विकासखण्ड प्रतापनगर के फिकवाल समुदाय को केन्द्रीय पिछड़े वर्ग में सम्मिलित किए जाने हेतु सरकार द्वारा अब तक क्या क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>08.06.2021 | 38. क्या संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के लोक कलाकार जो कोविड–19 से बहुत प्रभावित हुए हैं, इन कलाकारों के समक्ष विगत 02 वर्षों से कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं होने पर रोजी–रोटी का संकट पैदा हुआ है? इनके लिए संस्कृति विभाग द्वारा कोई आर्थिक पैकेज देने की व्यवस्था की जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नही तो क्यों? | संस्कृति एवं धर्मस्व |
| कुँवर प्रणव सिंह<br>"चैम्पियन"<br>11.06.2021 | 39. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि विभाग के "आवास आवंटन नियमावली" के बिन्दु सं0 16 के अनुसार विभागीय आवास का आवंटन केवल उन व्यक्ति को होगा जिनका निवास सिंचाई विभाग की सीमा से 08 (आठ) कि0मी0 की परिधि से बाहर होगा? क्या सिंचाई विभाग परिकल्प रूड़की द्वारा उक्त नियम का उल्लंघन कर ऐसे व्यक्तियों को जिनका निवास मात्र 02 (दो) कि0मी0 की दूरी पर स्थित है सरकारी आवास आवंटित किये गये है? यदि हॉ, तो क्या उक्त अवैध आवटन से सिंचाई विभाग के अधिकारियों व अन्य पात्र व्यक्तियों को आवास उपलब्ध नहीं हो पा रहें हैं, जिनसे वह कष्ट में है? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त अवैध आवंटन निरस्त कर अविलम्ब अवैध कब्जाधारकों से सम्पूर्ण अवधि का किराया वसूल कर तत्काल उन आवासों को रिक्त कराकर अपने विभागीय अधिकारियों व अन्य पात्र व्यक्तियों को आवंटित करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यो? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>11.06.2021 | 40. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि विगत वर्ष से कोविड–19 के कारण अम्बेडकर छात्रावासों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के भत्ते विगत वर्ष से बंद हैं? क्या सरकार इन छात्र/छात्राओं को मिलने वाले योजना भत्ता इनके बैंक खातों में देने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>14.06.2021 | 41. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि पर्यटन ही मुख्यतः राज्य की आमदनी का साधन है, परन्तु 02 वर्ष से पर्यटन व्यवसाय बिल्कुल बन्द है? क्या राज्य सरकार कोई व्यवस्थायें कर रही है, जिससे इनकी आर्थिकी में सुधार हो सके? यदि हॉ तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>14.06.2021 | 42. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोविड–19 के समय से राज्य में कोविड कर्फ्यू के दौरान सभी प्रकार के यातायात व्यवस्थायें तथा चारधाम यात्रा बन्द है, जिसका असर उन वाहन स्वामियों को पड़ रहा है, जिनका सिर्फ परिवहन ही एक रोजगार का साधन है? क्या राज्य सरकार वाहन स्वामियों को विशेष पैकेज देने पर विचार करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>15.06.2021 | 43. क्या आबकारी मंत्री अवगत हैं कि राज्य मे आबकारी विभाग दुकानों को आवंटित कर राजस्व जमा करवाता है? यदि हॉ, तो मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सभी आवंटित दुकानों का लाइसेंस शुल्क व अन्य देयक निर्धारित समय पर जमा कराये जाते है? यदि नहीं, तो क्यों? | आबकारी |
| श्री धन सिंह नेगी<br>16.06.2021 | 44. क्या संस्कृति मंत्री अवगत हैं राज्य सरकार के परम्परागत ढोल वादकों को प्रोत्साहन राशि देने के लिए इस वर्ष बजट प्राविधान किया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त ढोल वादकों को कितनी धनराशि दिये जाने का प्राविधान है तथा वह कब तक दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>16.06.2021 | 45. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि अनुसूचित जाति उप योजना (केन्द्र की विशेष सहायता) वित्त वर्ष 2018 से 2019, 2019 से 2020 और 2020 से 2021 में केन्द्र सरकार ने उत्तराखण्ड सरकार को कितनी धनराशि आवंटित हुई ? क्या अनुसूचित जाति उप योजना (एस0सी0एस0पी0) का आवंटित फंड रिफंडेबल या ट्रांसफरेबल है, अगर नहीं, तो एस0सी0एस0पी0 का कितना फंड बकाया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री धन सिंह नेगी<br>17.06.2021 | 46. क्या आबकारी मंत्री अवगत हैं कि राज्य में वर्ष 2020–21 में लाईसेंस पात्र अनुज्ञापियों पर कोविड टैक्स लगाया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार अनुज्ञापियों पर लगाये कोविड टैक्स का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों? | आबकारी |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>23.06.2021 | 47. क्या आबकारी मंत्री अवगत हैं कि राज्य में शराब की दुकानों के लिए आवंटन हेतु नीति निर्धारित है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त नीति के तहत वर्ष 2021–22 में कितनी दुकानें आवंटित की गयी व कितनी दुकानें वर्ष 2021–22 में बंद हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | आबकारी |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>29.06.2021 | 48. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि परिवहन निगम के कर्मियों को कोरोना काल में वेतन का भुगतान नहीं होने से उनको पारिवारिक भरण पोषण की समस्या का सामना करना पड़ रहा है? क्या सरकार परिवहन निगम के कर्मियों को अविलम्ब वेतन भुगतान करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>30.06.2021 | स्थगित।<br>49. क्या जलागम प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में भारी वर्षा एवं भू–कटाव को पूर्व में चकबन्दी द्वारा रोका जाता था ? क्या वर्तमान समय में भी उक्त योजना गतिमान है? यदि नहीं, तो क्यों? | जलागम प्रबन्धन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>30.06.2021 | 50. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा में वर्तमान में कितने मोटर मार्ग स्वीकृत किये गये हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि स्वीकृत मोटर मार्ग का निर्माण किया जा चुका है तथा कितनी स्वीकृत सड़कें निर्माण विहीन हैं? क्या सरकार उक्त मार्गों पर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>30.06.2021 | 51. क्या बाढ़ नियंत्रण मंत्री अवगत हैं कि झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सालियर में सोलानी नदी की बाढ़ से प्रतिवर्ष कटाव के कारण फसलों की बर्बादी तथा गांव में जलभराव की समस्या होती है? क्या सरकार इसे रोकने हेतु तटबन्ध बनाने की कोई योजना पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | बाढ़ नियंत्रण |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेश जीना<br>30.06.2021 | 52. क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत कुल कितनी सिंचाई नहरें निर्मित हैं और कितनी नहरें पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हैं तथा कितनी नहरें आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हैं? क्या सरकार किसानों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र ही क्षतिग्रस्त नहरों का पुनर्निमाण/मरम्मत करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी<br>30.06.2021 | 53. क्या आबकारी मंत्री अवगत हैं कि राज्य में दुकानों के आवंटन के लिए नीति निर्धारित है? यदि हां, तो मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त नीति के तहत जनपद टिहरी की आवंटित दुकानों का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि दुकानों का आवंटन पार्ट प्रथम व पार्ट द्वितीय के तहत भी किया गया है? यदि हां, तो उक्त दुकानों को खण्डित कर दो भागों में विभाजित करने के पीछे उद्देश्य क्या था? यदि नहीं, तो क्यों? | आबकारी |
| श्री महेश जीना<br>01.07.2021 | 54. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि विधानसभा क्षेत्र सल्ट को जोड़ने वाला मुख्य मोटर मार्ग रामनगर–डोटियाल–चम्पानगर पर प्रतिदिन भारी संख्या में वाहनों की आवाजाही रहती है, जिससे कालीगाव–चम्पानगर तक मार्ग जगह–जगह क्षतिग्रस्त और गढ्ढे युक्त हो गया है? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि उक्त मार्ग के क्षतिग्रस्त होने के कारण कई बार बड़ी दुर्घटनायें घटित हो चुकी है, तथा कई लोगों की जाने भी जा चुकी है? यदि हां, तो क्या सरकार शीघ्र रामनगर–डोटियाल–चम्पानगर मार्ग का सुधारीकरण का कार्य प्रारम्भ करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री महेश जीना<br>01.07.2021 | 55. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र सल्ट को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने हेतु कुल कितने पर्यटक स्थल चयनित किये गये हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>02.07.2021 | 56. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि राज्य में परिवहन विभाग अवस्थापना विकास पर भवनों का निर्माण कार्य भी करवाती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी जनपद टिहरी में आर0टी0ओ0 भवन के लिये अभी तक की गयी कार्यवाही से अवगत करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेश जीना<br>02.07.2021 | 57. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र सल्ट में वित्तीय वर्ष, 2017–18, 2018–19, 2019–20, 2020–21 व 2021–22 में कुल कितने सड़क मार्ग प्रथम चरण में तथा कुल कितने सड़क मार्ग द्वितीय चरण में स्वीकृत हुए है? क्या सरकार सड़क मार्गों के नाम व मदवार धनराशि आवंटन की सूची उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री धन सिंह नेगी<br>05.07.2021 | 58. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि राज्य में अनु0जाति/जनजाति के परिवारों को पुत्री के विवाह में अनुग्रह धनराशि दी जाती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त योजना में कितनी धनराशि दी जाती है तथा वर्ष 2020–21 का जनपदवार लाभार्थियों का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री धन सिंह नेगी<br>05.07.2021 | 59. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि राज्य में परिवहन विभाग का ढांचा जनपद स्तर पर स्वीकृत है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी प्रदेश के जनपदवार विभागीय ढांचे में स्वीकृत व कार्यरत् स्टाफ का विवरण उपलब्ध करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>13.07.2021 | 60. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के पट्टी मल्ला बदलपुर क्षेत्र हेतु देहरादून–कोटद्वार–सतपुली–दुधारखाल मोटर मार्ग पर उत्तराखण्ड परिवहन निगम की नियमित बस सेवा संचालित थी, जो पूर्व में बंद कर दी थी को, पुनः संचालित कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री हरीश सिंह<br>11.05.2021 | 61. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकासखण्ड मुनस्यारी एवं धारचूला में नदियों से हो रहे भू–कटाव को रोकने हेतु व्यासधारी तटबन्धों के निर्माण हेतु सरकार द्वारा कोई कार्ययोजना बनाई गई है तथा उक्त तटबन्धों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करा लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |



Scanned by CamScanner

## नत्थी-"घ"

**कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 19 अगस्त, 2021 एवं दिनांक 23 अगस्त, 2021 की बैठक में दिनांक 23 एवं 24 अगस्त, 2021 उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:-**

अगस्त, 2021

| | |
|---|---|
| 23 सोमवार | निधन के निदेश |
| 24 मंगलवार | वित्तीय वर्ष 2021-22 की अनुपूरक अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण |

Scanned by CamScanner